जो माँ से प्यार करेगा कल्याण उसी का होगा

जो माँ से प्यार करेगा कल्याण उसी का होगा,
जो सेवादार बनेगा जीवन उसी का होगा

मेरी जीवन नैया डोली तुम आ के समबालो मैया
तुम आ कर बनो खिवैयाँ पतवार बन जाओ मैया
नैया पार उसी की होगी जो दिल से याद करेगा
जो माँ से प्यार करेगा कल्याण उसी का होगा,

चरणों में रखलो मुझको जीवन पार करो मैया
जो श्रधा से शीश झुकाता वही प्यार करेगा मैया
बिगड़ी उसी की बनेगी उधार उसी का होगा
जो माँ से प्यार करेगा कल्याण उसी का होगा,

तुम ने संतोषी धाम बनाया सब भगतो को पार लगाया,
मैं भी संतोषी धाम में आया माँ के चरणों में शीश जुकाया
ये जीवन पार लगाओ कल्याण तभी माँ होगा
जो माँ से प्यार करेगा कल्याण उसी का होगा,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18707/title/jo-maa-se-pyaar-karega-kalyan-usi-ka-hoga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |